

## अंधेरे में माफिया कर रहे खनन खनिज विभाग की चुप्पी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 दिसम्बर, रीवा जिले के गुढ़ क्षेत्र में खनन माफिया पूरी निर्भीकता से धरती का सीना छलनी कर रहे हैं.**

चाहे ग्राम पंचायत खैरा के खजवा पहाड़ी, चौड़ियार, हरदुआ, सोलर पावर प्लांट बदवार में रखा दिलीप बिल्डकॉन का चपड़ा सहित क्षेत्र से निकलने वाली नहरों के पटरियों को खनिज माफिया खुलेआम छलनी कर रहे हैं. रात के अंधेरे में जेसीबी गरज रही है, ट्रैक्टर-ट्रालियां और डंपर फर्राटा भर रहे हैं. गुढ़ क्षेत्र की मिट्टी मुरुम दूर दूर तक भेजी जा रही है और प्रशासन है कि सब कुछ जानते हुए भी अनजान बना बैठा है।प्रशासन की सुस्ती के कारण क्षेत्र में खनिज माफियाओ के हौसले बुलंद है. क्षेत्र में हो रहे खनन के बारे में जब स्थानीय लोगों से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यहां रात भर जेसीबी डंपर एवं ट्रैक्टर ट्राली फर्राटे मारते हुए गुजरते हैं दिन में तो भूमिका दो जाते हैं लेकिन रात में अवैध रूप से खनन करते हैं अगर कोई सवाल भी करता है तो उनके बता देते हैं कि खनिज विभाग से अनुमति लिए हैं लेकिन ऐसा नहीं रहता प्रशासन द्वारा कार्रवाई न करने पर खनिज माफिया मनमानी पर उतारू है कुछ जगह तो लोगों से लड़ाई झगड़ा करके भी खुदाई शुरू कर देते हैं.

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अवैध खनन करने वालों के ऊपर सख्ती दिखाएं ताकि उन पर लगाम लग सके.

# धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : संजय

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण करायें, लखपति दीदी की न्यून प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 दिसम्बर, कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में आयोजित टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करायें तथा 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का तत्परतापूर्वक निराकरण करें.**




कार्यालय प्रमुख आवेदकों से स्वयं चर्चा करें तथा लंबित प्रकरणों में लेबल तीन में लंबित आवेदनों के निराकरण में विशेष ध्यान दें. बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनायें. मऊगंज एवं हनुमना में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित उपचार मिले तथा उनकी नि:शुल्क जांच हो. कलेक्टर ने विकासखण्ड स्तर तक ई-आफिस के माध्यम से फाइलों के संचालक के निर्देश दिये. उन्होंने वनाधिकार के दावे प्रस्तुत करने तथा भू आवंटन में तत्परता बरतने के निर्देश एसडीएम को दिये. कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थापित धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें रहें तथा किसानों को धान विक्री में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो. उन्होंने जिले में लखपति दीदी कार्यक्रम में न्यून प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा इसमें तत्काल सुधार के निर्देश दिये. कलेक्टर ने जिले में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में सभी तैयारियाँ व व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये. उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आयोजन की आगामी तिथियों में सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये. बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी, एसडीएम राजेश मेहता, एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी केन्द्रो में इस समय मनमानी चल रहे है. ठंड में खुले आसमान के नीचे किसान अपनी उपज का तौल कराते है. कलेक्टर ने अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था सही बनाने के निर्देश दिये है.




## छात्रों को दी गई ट्रैफिक नियमों की जानकारी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 दिसम्बर, यातायात पुलिस मऊगंज द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत जिले की सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में लगातार कार्यक्रम जारी है.**

इसी अभियान के तहत सीएम राइज स्कूल देवतालाब में 09 दिसंबर की दोपहर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. यातायात प्रभारी नरेश सिंह ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों की बारीक से जानकारी दिये. उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य रूप से उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि तेज रफ्तार के खतरे, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और मोबाइल का प्रयोग न करने जैसे नियमों पर जोर दिया. विद्यार्थियों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसों का कारण बन सकती है. यातायात पुलिस ने छात्रों से अपील किया कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार व समाज को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें. कार्यक्रम दौरान छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ भी ली.

## मऊगंज में नारेबाजी के साथ मचा ताडंव

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 दिसम्बर, एक अर्से बाद फिर मऊगंज शहर में गुंडो ने उठाया सिर जिसने मऊगंज पुलिस की मुस्तैदी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिए हैं,लोगो मे दिखा खासा भय का माहौल.**

कालेज के बाहर सड़क पर बाइक लहराते हुए गुंडागर्दी खुलेआम आधे घण्टे तक उपद्रवी का नंगा नाच,इस दौरान घुरेहटा बड़ा टोला ओम प्रकाश पाण्डेय और उसके 02 साथी बाइक में सवार होकर कालेज के सामने पहुंचे और हंगामा मचाया. बड़ा सवाल कलेक्टर के बंगले के समीप और कालेज के सामने इस तरह से गुंडा बदमाश आखिर किसके दम पर पुलिस को दे रहे चुनौती.

इस तरह से आमजनों के साथ ही छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था बड़ी चिंता का विषय लोग जहां आधे घण्टे से ज्यादा समय तक परेशान रहे.

## शुभारंभ मैच मऊगंज की टीम ने नईगढ़ी को हरा कर जीता

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 10 दिसम्बर, मऊगंज में युवा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. उद्घाटन मैच स्वर्गीय राम राज पाण्डेय मैदान वार्ड नौ में पहला मैच सुबह 11:00 बजे से खेला गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुखेंद्र सिंह बन्ना पूर्व विधायक जिला मऊगंज, रवि गुप्ता, नगर अध्यक्ष मकसूद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे. पहला मैच



नईगढी और मऊगंज टीम के बीच खेला गया जिसमे मऊगंज ने जीत हासिल कर नाम रोशन किया. कुल छ: टीमो का खेल हुआ जिसमें दूसरी टीम हनुमना और देवतालाब के मैच में हनुमना जीत हाशिल करते हुये मैच अपने नाम किया. तीसरा मैच कबड्डी जमुई और नईगढी का खेला गया जमुई टीम जीत कर नाम रोशन किया चौथा मैच हनुमना और मऊगंज के बीच खेला गया इस मैच में हनुमना विजेता हुई पाँचवा मैच नईगढी और देवतलाब का खेला गया नईगढी विजेता हुई छठवा मैच जमुई और हनुमना का खेला गया जमुई जीत दर्ज कर नाम रोशन किया इस खेल व्यवस्था में रमेश पांडे कन्हैया लाल तिवारी कमेटी का सहयोग रहा.



गुढ़ महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य एवं अन्य

## प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लाडली बहना के खाते में डाले पैसे

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 दिसम्बर, उप परियोजना कार्यालय गुढ़ क्षेत्र अंतर्गत गेरूई सेक्टर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में परियोजना अधिकारी रेणुका मिश्रा के निर्देशन पर पर्यवेक्षक अर्चना द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने लाडली बहना योजना उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया.**

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कर्मियों द्वारा केन्द्रों मे रंगोली बनाकर महिला हितग्राहियों को केन्द्रों में बुलाकर गीत संगीत का गायन किया गया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मोबाइल के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा लाडली बहना योजना आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हितग्राहियों को दिखाया गया.

लाइव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि लाडली बहना योजना के माध्यम से महिलाएं आर्थिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हैं एवं लाइव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा 3,91, 993 हितग्राही लाडली बहनों के खातों में 50.81 करोड रुपए की राशि सफलतापूर्वक अंतरण किया गया लाइव प्रसारण देखने के बाद हितग्राही महिलाओं ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित आंगनवाड़ी के कर्मचारियों के प्रति आभार जताया. आंगनवाड़ी केन्द्रों में हितग्राही महिलाएं, बच्चों की सराहनीय भूमिका रही.

## मानवाधिकार दिवस पर आयोजित हुई एक दिवसीय संगोष्ठी

### अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी ने की

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 दिसम्बर, शासकीय स्नातक महाविद्यालय, गुढ़ में सहस्त्र सेना दिवस, झंडा दिवस, भारतीय नौसेना दिवस एवं मानवाधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया.**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सैन्य बलों के प्रति सम्मान, मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता तथा नागरिक कर्तव्यों की समझ को सुदृढ़ करना रहा. अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी द्वारा की गई. अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने सहस्त्र आर्मी झंडा दिवस एवं भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास, उनकी वीरता, त्याग एवं राष्ट्र की सुरक्षा में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बल देश की अखंडता और संप्रभुता के रक्षक हैं तथा झंडा दिवस के माध्यम से उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना विकसित होती है. उनके प्रेरक एवं गर्व से परिपूर्ण वक्तव्य ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, उत्साह और उमंग का संचार किया. डॉ. संदीप कपूर द्वारा झंडा दिवस के महत्व पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया. उन्होंने झंडा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसका उद्देश्य तथा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु जनसहभागिता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की. कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अमित मिश्रा द्वारा किया गया. उन्होंने मानवाधिकार दिवस के संदर्भ में अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मानवाधिकारों की अवधारणा, उनके संरक्षण, संवैधानिक प्रावधानों तथा अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों के महत्व से अवगत कराया.

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित नेताओं का गुढ़ में किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 10 दिसम्बर, सिंगरौली जाते समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का गुढ़ में कांग्रेसियों द्वारा स्वागत किया गया.**



गुढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रायपुर एवं गोविन्दगढ़ के सभी मण्डल सेक्टर, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं पार्षदगण एवं वरिष्ठ नेतागण सभी अतिथियों का आज भैरव बाबा गुढ़ मोड़ पर सभी अतिथियों का भाव्य स्वागत किया गया. अतिथियो का स्वागत करने वालो में कांग्रेस कमेटी गुढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, युवा नेता सज्जन सिंह, युवा नेता इस्तहाक खान, महिला नेत्री श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, सुभाष मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, उमेश सिंह, लक्ष्मण आदिवासी, रावेन्द उपाध्याय, काका तिवारी, राजीव उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, रोहित सिंह, नर्मदा प्रजापति, समीम मंसूरी, प्रयाग कोरी, पूर्व सरपंच मोरध्वज प्रजापति, अस्ताब खान, टीपू सुल्तान, रमेश कोल, अबुलास मंसूरी, द्वारिका दुबे, संजीव शर्मा, नरेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद गुढ़ मुमताज खान पार्षद दुर्गेश गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.

## चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 10 दिसम्बर, मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित हनुमना जिसकी सीमा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, मिर्जापुर, पूर्व की सीमा सीधी जिला दक्षिण की सीमा रीवा जिला जो जंगल एवं पहाड़ों से घिरा हुआ है.**

ऐसे संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हनुमना नगर के बाईपास मोटवा चौराहा, नगर परिषद कार्यालय शाहपुर मोड, पुराने थाने के सामने, मुरैठा फॉरेस्ट बैरियर के पास, बडकुडा हवेली रेस्टोरेंट के सामने चौराहे पर स्टेट बैंक के पास, थाने के सामने, सीधी रोड सब्जी मंडी आदि जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवा कर अपराधि गतिविधियों, पर निगरानी की अति आवश्यकता महसूस की जा रही है. इन अति आवश्यक जगहो पर कैमरे के लग जाने से लोगों के जान माल की सुरक्षा के साथ अपराधिक गतिविधियों करने वाले अपने आप दहशत में रहेंगे.

स्थानीय जनता की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता के डी शुक्ला, कृष्ण मुरारी गुप्ता, एडवोकेट कमल नयन केसरी, श्यामधर द्विवेदी, राजेश मिश्रा, दिवाकर तिवारी, दिलीप द्विवेदी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, अरुण द्विवेदी, चतुरेश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, पूर्व सरपंच नरेंद्र तिवारी, अंजनी द्विवेदी, मां कात्यायनी जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद मिश्रा आदि लोगों ने मऊगंज जिले के कलेक्टर संजय जैन, नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, सीएमओ अरुण कुमार त्यागी से नगर के इन प्रमुख स्थलों पर अति शीघ्र सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग किए हैं.

## जिला नियंत्रण कक्ष के संचालन में लापरवाही पर 25 हजार का जुर्माना

### वेतन का भुगतान न करने पर लगा जुर्माना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 दिसम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला नियंत्रण कक्ष डीसीसी के संचालन में लापरवाही बरतने तथा नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण एवं वेतन का भुगतान न करने पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है.**

कलेक्टर ने नियंत्रण कक्ष को संचालित करने वाले नोवेशन इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि अभिषेक सोनी पर 25 हजार जुर्माना लगाया है. जुर्माने की राशि तीन दिन की समय सीमा में जिला ई गवर्नेंस सोसायटी के खाते में जमा करने के आदेश दिए गए हैं. जारी आदेश के अनुसार श्री सोनी को काल सेंटर तथा कंट्रोल रूम के संचालन के लिए कई निर्देश दिए गए. कंट्रोल रूम में कमियाँ पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया जिसका संतोषजनक उत्तर न देने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई.

## महिलाओं के खाते में आई 55 .48 करोड रुपए की राशि

सतना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा छतरपुर जिले के राजनगर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण की गई। जिसमें सतना और मैहर जिले की 3 लाख 77 हजार 66 हितग्राही लाडली बहनों के खाते में 55 करोड 48 लाख 41 हजार 600 रुपए की राशि आई है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सतना जिले के बाल संरक्षण इकाई में देखा गया। सतना के बाल संरक्षण कार्यालय में सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी सहित हितग्राही महिलाओं द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

## परिवहन और यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर जब्त किए चार वाहन

### 57 वाहनों पर की गई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 दिसम्बर, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रीवा परिवहन विभाग ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर विशेष सघन जांच अभियान चलाया. इस अभियान में कुल 4,30 से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिसमें 57 वाहनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई. यह अभियान सिरमौर सेमरिया रीवा हनुमना रीवा प्रयागराज और रीवा गोविंदगढ़ मार्ग में चलाया गया. इनमें से चार वाहनों को मौके पर ही जब्त कर परिवहन कार्यालय रीवा लाया गया. ये सभी वाहन अनियमितताओं के दोषी पाए गए.**



आरटीओ मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है. विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी और यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी. परिवहन विभाग ने चालकों और वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे वाहनों की फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण-पत्र आदि समय पर नवीनीकरण कराएं, अपने वाहनो को सुरक्षा सुरक्षा के मानकों को मोटरयान अधिनियम के अनुरूप करा ले. ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके. यह अभियान जीरो फैटिलिटी के तहत चलाया जा रहा है. इस कार्यवाही में आरटीओ रीवा सहित परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी एवं यातायात थाना प्रभारी भी शामिल रहे.